# नागरिक भी सार्वजनिक स्थलों स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाए

इन्दौर समाचार 22-12-2020

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत कालिकामाता मंदिर परिसर में आने वाले लोगों ने लिया क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाए जाने के प्रयासों में तेजी आ रही है। हर दिन शहर में कई स्थानों को कचरा मुक्त किया जा रहा है। इन कचरा मुक्त स्थानों पर सफाई मित्र समूह के माध्यम से आकर्षक रांगोली का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

निगम प्रशासन के इन्ही प्रयासों की कड़ी में शहर के श्री कालिका माता मंदिर परिसर को साफ और स्वच्छ रखने का संकल्प यहां आने वाले लोगों और आसपास के रहवासियों ने लिया है। इस मंदिर के आसपास का क्षेत्र पर्यटक स्थल के रुप में विकसित हो रहा है और अनेक शहरवासी यहां मार्निंग वॉक के लिए भी हर दिन आते है। संकल्प लेने वाले नागरिकों का कहना है कि मार्निंग वॉक और सार्वजनिक स्थल शहर की जरुरत है ऐसे में इन्हे कचरे से मुक्त रखा जाना चाहिए। रतलाम को प्रदेश और देश में अलग पहचान दिलाने के लिए नगर पालिक निगम ने स्वच्छ रतलाम- सुंदर रतलाम अभियान की शहर में शुरुवात करते हुए सैकड़ों स्थानों को कचरे से मुक्त किया है। इन कचरा स्थलों पर हर दिन सफाई मित्र समूह के सदस्य आकर्षक रांगोली का निर्माण कर तमाम लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे है। इस मौके पर रहवासियों और राहगियों को संकल्प दिलाया जा रहा है कि मेरा योगदान, मेरी शान, स्वच्छ शहर मेरी पहचान है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बगीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दंड दान किया गया है। लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का उपचार उपलब्ध नही हो पाता है,हमे मास्क का उपयोग, और सेनेटाईज करना चाहिए।

स्वतंत्र पैगाम

22-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 15 व्यक्तियों पर जुर्माना

स्वामी प्रेमानन्द 22-12-2020

रतलाम । नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घांस बाजार में न्यू रतनश्री पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा गत रात्रि को चांदनी चौक, नीम चौक व माणक चौक क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान गंदगी करने वाले कमल जैन व विनय जैन चांदनी चौक पर 2000-2000, संदेश सोनी नीमचौक, फिरोज खान चांदनी चौक पर 500-500 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 20 दिसम्बर रविवार को गंदगी करने पर जय भेरूनाथ रेस्टोरेंट, जय मां दुर्गेश्वरी गायत्री टॉकिज रोड, राकेश शर्मा, कांतीलाल, दुर्गा मिष्ठान भण्डार शहीद चौक, कन्हैयालाल, संजय, मोहम्मद एहसान त्रिवेणी मेला परिसर, निर्मल गिरी त्रिपोलिया गेट पर 500-500, मदुरई मसाला डोसा गायत्री टॉकिज रोड पर 100 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

स्वामी प्रेमानन्द

22-12-2020

# अब पीओएस मशीन से जमा होंगे नगर निगम के कर

**रतलाम।** संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क और विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की राशि अब नगर निगम के कर्मचारी पीओएस मशीन के माध्यम से ई-नगर पालिका पोर्टल पर जमा करेंगे। साथ ही गंदगी, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर भी मशीन के माध्यम से स्पॉट फाइन किया जाएगा।

एचडीएफसी बैंक द्वारा नगर निगम को उपलब्ध कराई गई 10 एंड्रायड पीओएस मशीन चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंदौर के पीओएस मशीन एक्सपर्ट महेंद्र राजपूत ने निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मशीन में ई-नगर पालिका पोर्टल सॉफ्टवेयर लोड किया हुआ है।

मशीन पूरी तरह से एंड्रायड है। इस पर नगर निगम के विभिन्न करो की राशि जमा कर संबंधित को उसी टाइम रसीद उपलब्ध कराने के साथ ही मोबाइल एसएमएस भी किया जा सकता है। करो की राशि नकद, डेबिट, क्रेडिट कार्ड से भी जमा की जा सकती है।

प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, भविष्यकुमार खोब्रागडे, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, मनीष तिवारी, लेखापाल रवि रहंगडाले, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपिल मारोठिया, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक बलवंत राठौर, एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर जितेश चौहान आदि उपस्थित थे।



नगर निगम मे प्रशिक्षण देते हुए पीओएस मशीन एक्सपर्ट महेंद्र राजपूत। • नईदुनिया

22-12-2020

**कवायद**

- निगम कर्मचारियों को दिया मशीन चलाने का प्रशिक्षण
- गंदगी करने वालों पर भी मशीन से वसूलेंगे स्पॉट फाइन

नई दुनिया

19-12-2020

(2)

# लोन मंजूर कराने के किसी ने रुपए तो नहीं मांगे : सीएम नहीं, बैंक ने ही खुद फोन करके सारी सूचना दी : देवेंद्र

## स्ट्रीट वेंडर योजना में 127 हितग्राहियों को लोन राशि बांटते हुए सीएम ने हितग्राहियों से की बात

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-12-2020

जिले के 127 हितग्राहियों को सोमवार को स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत 10 हजार रुपए की राशि सीधे बैंक खातों में पहुंचाई। भोपाल में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने लाभार्थियों से बात की।

बिलपांक के हेयर सैलून संचालक देवेंद्र केलवा, उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी केलवा से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा ऋण स्वीकृति में कोई दिक्कत तो नहीं हुई। देवेंद्र ने कहा नहीं हुई। पलटकर मुख्यमंत्री ने फिर पूछा किसी ने पैसे तो नहीं मांगे। देवेंद्र बोले बैंक वालों ने खुद सूचना और जानकारी दी। मुख्यमंत्री बोले- सैलून को अच्छे से चलाना। अभी बगैर ब्याज के 10 हजार रुपए मिले हैं। इसकी वापसी के बाद 20 हजार और फिर 50 हजार रुपए का लोन और दिलाएंगे।



मुख्यमंत्री से बात करते केलवा दंपती।

### विरुपाक्ष महादेव आने का न्यौता दिया, सीएम बोले-अगले साल जरूर आऊंगा

देवेंद्र की पत्नी विजयलक्ष्मी ने सीएम को बताया 7 माह पहले ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हूं। ब्यूटी पार्लर से अच्छी आमदनी हो रही है। आप बिलपांक आएं। मुख्यमंत्री बोले अगले साल जरूर आऊंगा। ग्रामीण विधायक मकवाना ने बिलपांक के प्राचीन मौर्यकालीन विरुपाक्ष महादेव मंदिर की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को बिलपांक आने का न्यौता दिया। ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम ग्रामीण एमएल आर्य, तहसीलदार रमेश मसारे, जिला समन्वयक एनआरएलएम हिमांशु शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# समय पर 10 हजार का लोन चुकाया तो 20 से लेकर 50 हजार तक ऋण देंगे

## वेंडर योजना में लोन वितरित करते हुए सीएम ने किया वादा

भास्कर न्यूज | भोपाल

22-12-2020

स्ट्रीट वेंडर योजना में 10 हजार रुपए का लोन समय पर चुकाने वालों को आगे बढ़ाने के लिए फिर से 20 हजार और उसे समय पर वापस करने पर 50 हजार रुपए तक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य सरकार इसका इंतजाम करेगी। यह वादा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मिंटो हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना के ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किया। उन्होंने 20 हजार ग्रामीण स्ट्रीट वेंडरों के खातों में सिंगल क्लिक से 10-10 हजार रुपए की ब्याज मुक्त ऋण राशि पहुंचाई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह शहरों में कई जगह हॉकर्स कार्नर बनाए गए हैं, उसी तरह गांवों में भी बनाए जाएंगे। यहां स्ट्रीट वेंडर अपना व्यवसाय कर सकेंगे। जिन स्ट्रीट वेंडरों के पास गुमटी-ठेला नहीं होगा, उन्हें सामान बेचने की सुविधा भी दी जाएगी। प्रदेश की स्वरोजगार योजनाओं में परिवर्तन लाया जाएगा, जिससे युवाओं, गरीब व छोटे व्यवसायियों को आजीविका और आर्थिक सुरक्षा मिल सके। मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत 8.52 लाख से अधिक हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। अब तक 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को लोन दिया जा चुका है। सीएम ने कहा कि आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों से जुड़े सदस्यों को भी समुचित ऋण की व्यवस्था की जाएगी। सरकार 28 दिसंबर को 150 करोड़ रुपए स्व-सहायता समूहों के खातों में पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री ने योजना का लाभ लेने वाले कुछ व्यवसायियों से उनके अनुभव भी सुने और उन्हें सुझाव दिए।

दै. भा. 2020

22-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 7 पर जुर्माना

रतलाम. नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही हैं। सोमवार को इसी प्रकार के 7 लोगों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर संजय राठौरी मुखर्जी नगर पर पांच हजार रुपए, प्रमोद कुमार राम मंदिर पर तीन हजार, नाकोड़ा ट्रेडर्स सज्जन मिल रोड पर 250 रुपए , गोपाल कुमावत 80 फीट रोड, जितेन्द्र, हर्ष व विनोद गुर्जर राम मंदिर पर 100 -100 रूपये का जुर्माना किया गया।

पत्रिका 22/12/2020

पत्रिका

22-12-2020

# नगरीय निकायों के सभी खाते संचालनालय के ई-नगरपालिका पोर्टल से होंगे लिंक

इन्दौर 2201
22-12-10

रतलाम। नगरीय निकायों के सभी खाते संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के ई-नगरपालिका पोर्टल से लिंक किये जायें। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास ने यह निर्देश सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के अनावश्यक बैंक खातों को बंद कर लेखा नियमों के अन्तर्गत प्रावधानित खाते ही संधारित किये जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नगरीय निकायों में सभी प्रकार के आय-व्यय ई-नगरपालिका के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किये जायें। कैशबुक, बैलेंस शीट तथा लेखांकन संबंधी सभी कार्य ई-नगरपालिका पोर्टल से ही करें। नगरीय निकायों में एक ही कैशबुक संधारित की जाये तथा प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग लेजर संधारित करें। ऐसी योजनाएँ जो अब नगरीय निकायों द्वारा संचालित नहीं की जा रही हैं, उनकी शेष राशि संबंधित विभाग अथवा संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास को वापस करें।

इन्दौर समाचार

22-12-2010

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

# गंदगी व मलबा फैलाने पर किया जुर्माना

### सीसीटीवी फुटेज के आंधार पर घांस बाजार में न्यू रतनश्री पर जुर्माना

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 22-12-2020



नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घांस बाजार मे न्यू रतनश्री पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा गत रात्रि को चांदनी चौकए नीम चौक व माणक चौक क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान गंदगी करने वाले कमल जैन व विनय जैन चांदनी चौक पर 2000.2000ए संदेश सोनी नीमचौकए फिरोज खान चांदनी चौक पर 500.500 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 20 दिसम्बर रविवार को गंदगी करने पर जय भेरूनाथ रेस्टोरेंटए जय मां दुर्गेश्वरी गायत्री टॉकिज रोडए राकेश शर्माए कांतीलालए दुर्गा मिष्ठान भण्डार शहीद चौकए कन्हैयालालए संजयए मोहम्मद एहसान त्रिवेणी मेला परिसरए निर्मल गिरी त्रिपोलिया गेट पर 500.500ए मदुराई मसाला डोसा गायत्री टॉकिज रोड पर 100 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एण्पीण् सिंहए झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलानेए अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

राजएक्सप्रेस
22-12-2020

स्वदेश 22-12-20




भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा की वहीं ट्री प्लांटेशन एक्ट -2020 के सम्बन्ध में बैठक ली।

# निजी भूमि पर लगाए गए नए वृक्षों को बिना अनुमति काट सकेंगे- शिवराज

भोपाल ● 21 दिसम्बर (वा)

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रस्तावित पौधारोपण प्रोत्साहन अधिनियम 2020 के अंतर्गत किसानों एवं अन्य को उनके खेतों/निजी भूमियों पर लगाए गए नए वृक्षों को बिना अनुमति काटने की छूट होगी तथा वे अपनी भूमियों में सभी प्रजाति के वृक्ष लगा सकेंगे। वृक्षों से प्राप्त काष्ठ के परिवहन के लिए कुछ मामलों को छोड़कर टी.पी. से छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में प्रस्तावित पौधारोपण प्रोत्साहन अधिनियम 2020 के प्रावधानों संबंधी बैठक ले रहे थे। बैठक में वन मंत्री विजय शाह, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान में पेड़ काटने की अनुमति लेने के लिए 7 कानून हैं, जिनके चलते पेड़ काटने की अनुमति में किसानों आदि को बहुत दिक्कत आती है। पेड़ काटने की अनुमति तहसीलदार द्वारा वन विभाग की अनुशंसा पर दी जाती है, वहीं इमारती लकड़ी की टी.पी. वन विभाग द्वारा दी जाती है।

## पेड़ काटने की अनुमति के लिए वर्तमान में 7 कानून

**काष्ठ उत्पादन से बढ़ेगा स्वरोजगार-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों द्वारा अपने खेतों पर काष्ठ उत्पादन के लिए पेड़ लगाने, पेड़ काटने व परिवहन की सुविधा देने से किसानों को लाभ होगा तथा स्वरोजगार में वृद्धि होगी। काष्ठ उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। काष्ठ उत्पादन बढ़ने से वनों पर काष्ठ चोरी का दबाव भी कम होगा।

### प्रस्तावित पौधारोपण अधिनियम 2020 महत्त्वपूर्ण प्रावधान

- निजी भूमियों पर पौधारोपण के लिए सभी प्रजातियों के रोपण की खुली छूट।
- उगाए गए वृक्षों को किसी भी उम्र में, बगैर किसी अनुमति के काट सकेगा।
- अपने खेत/गांव में खुद का टाल स्थापित कर सकेगा, जहां से काष्ठ की बिक्री इत्यादि कर सकेगा।
- खेत से टाल तक इमारती काष्ठ के परिवहन पर छूट दी गई है।
- टाल में इमारती काष्ठ की प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर सकने की सशर्त सुविधा।
- विनिर्दिष्ट वनोपज को भी काटने व टाल तक लाने की छूट।
- विनिर्दिष्ट वनोपज की शासकीय ई-पोर्टल के माध्यम से खेत अथवा टाल से ही बिक्री करने व स्वयं बोली स्वीकार करने तथा सीधे भुगतान लेने की छूट।
- वृक्षों से प्राप्त काष्ठ के परिवहन हेतु कुछ मामलों को छोड़कर टी.पी. से छूट।

-सभी प्रकार के परिवहन अनुज्ञा पत्र कृषकों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्राप्त होंगे।

स्वदेश

22-12-2020

# नाटक से छोटी-छोटी बुरी आदतों में बदलाव कर स्वच्छता बनाए रखने के लिए किया जागरूक

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा की सफाई की, स्वच्छता रैली निकाली

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-12-20

स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली के बाद नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया।

21 मप्र एनसीसी बटालियन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। रैली को बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एनजेएस सिधु के निर्देशानुसार सूबेदार मेजर अनिल कुमार ने हरी-झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बटालियन परिसर से शुरू हुई। रैली के बाद कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी समाज को अपनी छोटी-छोटी आदतों में सुधार कर स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही कुछ कैडेट्स ने सैलाना बस स्टैंड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा की साफ-सफाई भी की। बटालियन के बीएचएम खुर्शीद खान, हवलदार चंद्रपाल सिंह, रविंद्र पुष्पद, चंदन परमार सहित अन्य मौजूद थे।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करते हुए एनसीसी कैडेट्स।

दै. भास्कर

22-12-2020

# एसपी तिवारी और निगम आयुक्त झारिया ने देखें दुर्घटना जोन

पत्रिका 22-12-20



रतलाम. शहर के कुछ मार्गों पर पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से रोड डिवाइडर लगाए हैं। इन डिवाइडर के लगाने से सड़कों के दोनों तरफ वाहनों की आवाजाही प्रभावित तो हो ही रही है सड़क की साइडों के गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने शाम को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ शहर के कुछ मार्गों का निरीक्षण किया। शहर के बाल चिकित्सालय, हाट रोड, त्रिपोलिया गेट आदि क्षेत्रों में दोनों अधिकारियों निगम और यातायात अमले के साथ निरीक्षण किया और संभावित दुर्घटना स्थलों पर गड्ढों को पाटने के निर्देश दिए।

पत्रिका

22-12-2020

# गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश



रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरों, दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है। नगर निगम की सहयोगीा संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक-पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक-पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाईश दी इसके अलावा यह भी समझाईश दी साथ ही स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

इन्दौर समाचार

22-12-2021

# 448 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 448 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। सोमवार को दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

नई दुनिया।

# प्रदेश में दो चरणों में होंगे नगरीय निकाय चुनाव

## एक जनवरी 2020 की मतदाता सूची बनेगी आधार

भोपाल, (प्रसं)। मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों का चुनाव होना है, जिसके लिए प्रदेश में तैयारियां शुरू हो गई हैं। वर्तमान समय में बढ़ते कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग सरकार से परामर्श ले रहा है। जिसके अनुसार नगरीय निकायों के चुनाव की तारीख के लिए अंतिम चर्चा की जा रही है। बता दें कि मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों का चुनाव दो चरणों में संपन्न होगा।

प्रदेश में लगातार कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे समय में नगरीय निकायों के चुनाव से पहले संक्रमण से बचने के उपायों को देखना आवश्यक है। जानकारी के अनुसार, कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए एक जनवरी 2020 की मतदाता सूची के हिसाब से ही चुनाव कराए जाएंगे। जिसके लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वोटिंग लिस्ट, मतदान केंद्र और सुरक्षा की दृष्टि से आयोग ने अन्य इंतजाम पूरा कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया, चुनाव की अधिसूचना जारी करके इसी महीने से शुरू कर दी जाएगी। वहीं जिन जिलों में निकायों की संख्या कम है, वहां चुनाव एक ही चरण में संपन्न कराए जाएंगे। लेकिन बड़े नगर निगम वाले जिलों में नगरीय निकायों का चुनाव दो चरणों में ही होगा। चुनाव के दौरान कोरोना गाइडलाइन का पूर्ण तरीके से पालन कराया जाएगा। जहां मतदान केंद्रों में बिना मास्क के किसी को भी आने की इजाजत नहीं मिलेगी। नगरीय निकाय चुनाव के दौरान सभी को कोरोना गाइडलाइन का आवश्यक रूप से पालन करना है। इस दौरान मतदानकर्मियों को भी फेस शील्ड लगाना अनिवार्य रहेगा। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए अन्य चीजें उन्हें चुनाव आयोग द्वारा दी जाएगी। इन सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं।

### आनलाइन दाखिल होगा नामांकन

आयोग के सचिव दुर्गविजय सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय की चुनाव की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लेकिन कोरोना महामारी को देखते हुए इसके तारीख को अंतिम रूप देने के लिए मंथन जारी है। मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय का चुनाव एक जनवरी 2020 की मतदाता सूची के अनुसार कराया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। वहीं इन सभी प्रक्रियाओं के संपन्न होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। बता दें कि नामांकन दाखिल आनलाइन माध्यम से किया जाएगा, जिसका प्रिंट निर्वाचन अधिकारी के पास में जमा करना अनिवार्य रहेगा।

22-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने वाले सात व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर संजय राठौरी मुखर्जी नगर पर 5000, प्रमोद कुमार राम मंदिर पर 3000, नाकोड़ा ट्रेडर्स सज्जन मिल रोड पर 250, गोपाल कुमावत 80 फीट रोड, जितेंद्र, हर्ष व विनोद गुर्जर राम मंदिर पर 100-100 रुपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े ने की।

भास्कर 22-12-2020

# पूर्व मुख्यमंत्री वोरा का निधन प्रदेश में 3 दिनी राजकीय शोक

भास्कर न्यूज|भोपाल. दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा का



जन्म-20-12-1928

निधन- 21-12-2020

सोमवार को 93 साल की आयु में निधन हो गया। वोरा ने दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 2000 से 2018 तक पार्टी के कोषाध्यक्ष रहे। उनका 20 दिसंबर को 93वां जन्मदिन था। वोरा के निधन पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी ने दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा समेत अन्य नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। शोकस्वरूप प्रदेश में तीन दिन का राजकीय शोक रहेगा।

## मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के अगले ही दिन केंद्रीय मंत्री बने

वोरा दो बार अविभाजित मप्र के मुख्यमंत्री, उप्र के राज्यपाल और केंद्र में मंत्री रहे। उनका जन्म 20 दिसंबर 1928 को नागौर में हुआ था। 13 मार्च 1985 को पहली बार मुख्यमंत्री बने और 13 फरवरी 1988 तक रहे। इसके अगले दिन ही वह राजीव गांधी मंत्रिमंडल में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं उड्डयन मंत्री बन गए। वोरा 1989 में फिर मुख्यमंत्री बने और लगभग एक वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे।

स्मृति शेष देश-विदेश पेज पर

दै. भास्कर

22-12-2020

# वार्ड 34 में 41 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन संपन्न

## विकास कार्य प्रारंभ कराने पर विधायक मा. श्री काश्यप का माना आभार

रतलाम । वार्ड क्रमांक 34 की विभिन्न सड़को के डामरीकरण एवं सीमेन्टीकरण कार्य का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष श्री आदित्य डागा ने पूर्व पार्शद श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया।

इस अवसर पर पूर्व पार्शद श्रीमती रेखा जौहरी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक से शीला भवन तक, मकड़ावन गली, रिद्धी-सिद्धी अपार्टमेन्ट वाला क्षेत्र, भूत बंगला क्षेत्र, राज बॉक्स वाली गली व बैंक कालोनी से लगी हुई सड़क का डामरीकरण 25 लाख की निगम निधि व डॉ० पाटनी के घर से महू रोड तक की सड़क का सीमेन्टीकरण 16 लाख की लागत की निगम निधि से किया जायेगा। कार्य पुरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। वार्ड में रूके हुए विकास कार्य प्रारंभ करवाये जाने पर श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप का आभार माना।

भूमि पूजन के अवसर पर सर्वश्री अश्विन जायसवाल, राकेश परमार, यशपाल मंडोरा, सलीम आरिफ योगेश पापटवाल, राजू व्यास, राहुल जसूजा, उमेश (नन्दी), मुबारिक शैरानी, विपिन पोरवाल, रवि जौहरी आदि उपस्थित थे।

22-12-2020

# वार्ड 34 में 41 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन संपन्न, विकास कार्य प्रारंभ कराने पर विधायक काश्यप का माना आभार



रतलाम। वार्ड क्रमांक 34 की विभिन्न सड़को के डामरीकरण एवं सीमेन्टीकरण कार्य का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने पूर्व पार्षद श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती रेखा जौहरी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक से शीला भवन तक, मकड़ावन गली, रिद्धी-सिद्धी अपार्टमेन्ट वाला क्षेत्र, भूत बंगला क्षेत्र, राज बॉक्स वाली गली व बैंक कालोनी से लगी हुई सड़क का डामरीकरण 25 लाख की निगम निधि व डॉ. पाटनी के घर से महू रोड तक की सड़क का सीमेन्टीकरण 16 लाख की लागत की निगम निधि से किया जायेगा। कार्य पुरा होने के बाद नागरिको को आवागमन में सुविधा होगी। वार्ड में रूके हुए विकास कार्य प्रारंभ करवाये जाने पर श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिको ने विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप का आभार माना। भूमि पूजन के अवसर पर अश्विन जायसवाल, राकेश परमार, यशपाल मंडोरा, सलीम आरिफ, योगेश पापटवाल, राजू व्यास, राहुल जसूजा, उमेश (नन्दी), मुबारिक शैरानी, विपिन पोरवाल, रवि जौहरी आदि उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार

22-12-2020



# वार्ड 34 में 41 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन संपन्न

रतलाम। वार्ड क्रमांक 34 की विभिन्न सड़को के डामरीकरण एवं सीमेन्टीकरण कार्य का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने पूर्व पार्षद श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा.अर्चना कर किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती रेखा जौहरी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक से शीला भवन तकए मकड़ावन गलीए रिद्धी.सिद्धी अपार्टमेन्ट वाला क्षेत्रए भूत बंगला क्षेत्रए राज बॉक्स वाली गली व बैंक कालोनी से लगी हुई सड़क का डामरीकरण 25 लाख की निगम निधि व डॉण् पाटनी के घर से महू रोड तक की सड़क का सीमेन्टीकरण 16 लाख की लागत की निगम निधि से किया जायेगा। कार्य पुरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। वार्ड में रूके हुए विकास कार्य प्रारंभ करवाये जाने पर श्रीमती रेखा जौहरी व क्षेत्रिय नागरिको ने विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप का आभार माना।

भूमि पूजन के अवसर पर अश्विन जायसवालए राकेश परमारए यशपाल मंडोराए सलीम आरिफए योगेश पापटवालए राजू व्यासए राहुल जसूजाए उमेश ;नन्दीद्धए मुबारिक शैरानीए विपिन पोरवालए रवि जौहरी आदि उपस्थित थे।

22-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 15 व्यक्तियों पर जुर्माना

## सीसीटीवी फुटेज के आधार परें न्यू रतनश्री पर जुर्माना, गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी



रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रुम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घांस बाजार में न्यू रतनश्री पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा गत रात्रि को चांदनी चौक, नीम चौक व माणक चौक क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान गंदगी करने वाले कमल जैन व विनय जैन चांदनी चौक पर 2000-2000, संदेश सोनी नीमचौक, फिरोज खान चांदनी चौक पर 500-500 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा 20 दिसम्बर रविवार को गंदगी करने पर जय भेरूनाथ रेस्टोरेंट, जय मां दुर्गेश्वरी गायत्री टॉकिज रोड, राकेश शर्मा, कांतीलाल, दुर्गा मिष्ठान भण्डार शहीद चौक, कन्हैयालाल, संजय, मोहम्मद एहसान त्रिवेणी मेला परिसर, निर्मल गिरी त्रिपोलिया गेट पर 500-500, मदुरई मसाला डोसा गायत्री टॉकिज रोड पर 100 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

इन्दौर समाचार
22-12-2020

# स्वच्छता अभियान : स्पॉट फाइन भी पीओएस से, संपत्तिकर व जलकर भी इसी से जमा होंगे

## नगर निगम कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग



निगम अमले को पीओएस से रुपए भरने की ट्रेनिंग देते बैंक अधिकारी।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

22-12-2020

गंदगी और कचरा फैलाने पर नगर निगम टीम स्पॉट फाइन पीओएस से जमा करेगी। संपत्तिकर, जलकर, लाइसेंस सहित विकास शाखा शुल्क भी पीओएस से ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। एचडीएफसी बैंक ने निगम को 10 एंड्रायड पीओएस दी है।

मशीन चलाने के लिए सोमवार को एक्सपर्ट महेंद्र राजपूत ने निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी। मंगलवार से अमला पीओएस मशीन लेकर कार्रवाई करेगा। ट्रेनिंग के दौरान आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, भविष्य कुमार खोब्रागड़े सहित अन्य अमला मौजूद रहा।

### ऐसे सीधे निगम के खाते में पहुंचेगा शुल्क

- पीओएस मशीन में ई-नगर पालिका पोर्टल का सॉफ्टवेयर लोड है।
- शुल्क जमा करते ही वह सीधे निगम के खाते में पहुंच जाएगा।
- संबंधित व्यक्ति को उसी समय रसीद या मोबाइल पर मैसेज भी चला जाएगा।

दै० भास्कर

22-12-2020

गंदगी करने वालों पर भी मशीन से होंगे स्पॉट फाइन

# पीओएस मशीन से जमा होंगे निगम कर

## कर्मचारियों को मशीन चलाने का दिया प्रशिक्षण



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 22-12-2020

रतलाम. नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की राशि अब नगर निगम के कर्मचारी पीओएस मशीन के माध्यम से ई-नगर पालिका पोर्टल पर जमा करेंगे साथ ही गंदगी, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर भी मशीन के माध्यम से स्पॉट फाईन किया जायेगा। एचडीएफसी बैंक द्वारा नगर निगम को उपलब्ध कराई गई 10 एन्ड्रॉयड पीओएस मशीन चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंदौर के पीओएस मशीन एक्सपर्ट महेन्द्र राजपूत ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों सोमवार शाम को दिया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मशीन में ई-नगर पालिका पोर्टल साफ्टवेयर लोड किया हुआ है, मशीन पुरी तरह से एन्ड्रॉयड है। इस पर नगर निगम के विभिन्न कर की राशि जमा कर संबंधित को उसी टाईम रसीद उपलब्ध कराये जाने के साथ ही मोबाईल एसएमएस भी किया जा सकता है। कर की राशि नगद, डेबिट, क्रेडिट कार्ड से भी जमा की जा सकती है। आयोजित प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, भविश्य कुमार खोब्रागडे, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, मनीश तिवारी, लेखापाल रवि रहंगडाले, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, कपील मारोठिया, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक बलवंत राठौर, बैंक के ब्रांच मैनेजर जितेश चौहान आदि उपस्थित थे।

पत्रिका
22-12-2020

# नागरिक भी सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाएं

## लोगों ने लिया शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 22-12-2020

स्वच्छता सर्वेक्षण.2021 के तहत रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर.1 बनाए जाने के प्रयासों में तेजी आ रही है। हर दिन शहर में कई स्थानों को कचरा मुक्त किया जा रहा है। इन कचरा मुक्त स्थानों पर सफाई मित्र समूह के माध्यम से आकर्षक रांगोली का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। निगम प्रशासन के इन्ही प्रयासों की कड़ी में शहर के श्री कालिका माता मंदिर परिसर को साफ और स्वच्छ रखने का संकल्प यहां आने वाले लोगों और आसपास के रहवासियों ने लिया है। इस मंदिर के आसपास का क्षेत्र पर्यटक स्थल के रुप में विकसित हो रहा है और अनेक शहरवासी यहां मार्निंग वॉक के लिए भी हर दिन आते है। संकल्प लेने वाले नागरिकों का कहना है कि मार्निंग वॉक और सार्वजनिक स्थल शहर की जरुरत है ऐसे में इन्हे कचरे से मुक्त रखा जाना चाहिए।

रतलाम को प्रदेश और देश में अलग पहचान दिलाने के लिए नगर पालिक निगम ने स्वच्छ रतलाम. सुंदर रतलाम अभियान की शहर में शुरुवात करते हुए सैकड़ों स्थानों को कचरे से मुक्त किया है। इन कचरा स्थलों पर हर दिन सफाई मित्र समूह के सदस्य आकर्षक रांगोली का निर्माण कर तमाम लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे है। इस मौके पर रहवासियों और राहगियों को संकल्प दिलाया जा रहा है कि मेरा योगदानए मेरी शानए स्वच्छ शहर मेरी पहचान है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानोंए बागीचोंए खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर.1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड.19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नही हो पाता हैए ऐसे में हमे मास्क का उपयोगए दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

राज न्यूज नेटवर्क

22-12-2020

# कर्ज दिलाने के लिए बैठक हुई

रतलाम. पीएम स्वनिधी योजना के तहत शहर के ऐसे हितग्राही जिन्होने कर्ज हेतु आवेदन किया है उन्हे निजी बैंको से ऋण दिलाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निजी बैंको के ब्रांच मैनेजरो के साथ सोमवार को बैठक ली। पीएम स्वनिधी योजना के ऋण निजी बैंक एचडीएफसी, इंडसंड व एक्सीस बैंक से दिलाये जाने हेतु ब्रांच मैनेजरों को अवगत कराया गया कि वे कर्ज प्रकरणों को पिक करे तथा पिक करने के कर्ज स्वीकृत कर हितग्राही को ऋण वितरण कार्य संपादित करें। आयोजित बैठक में निजी बैंको के ब्रांच मैनेजर सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। पत्रिका 22-12-2020

पत्रिका

22-12-2020

## सर्वेक्षण 2021 में शामिल किए 7 मुख्य सवाल

# तैयारी : पहली बार 84 दिन तक चलेगा स्वच्छता सर्वेक्षण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 22-12-2020

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की तैयारी नगर निगम ने शुरू कर दी है। इसके लिए आमजन से शपथ करवाई जा रही है। इसमें बड़ी बात यह है कि पहली बार स्वच्छता का सर्वेक्षण 84 दिन तक चलेगा। इस बार सर्वेक्षण के लिए सात मुख्य सवाल शामिल किए हैं जो 1 जनवरी से 28 मार्च तक किए जाएंगे। सर्वेक्षण शुरू होने में मात्र अब दस दिन शेष रह गए हैं।

पिछले पांच वर्ष से स्वच्छता का सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। शुरुआती चरण में अप्रैल से दिसंबर तक चलता है, इस बार फरवरी 2021 तक चलेगा। मुख्य सर्वेक्षण 1 मार्च से 28 मार्च तक होगा। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वैसे तो सर्वेक्षण में एक मार्च से 28 मार्च तक आमजन से सवाल याने की सिटीजन फीडबैक लिया जाएगा उसके लिए सात सवाल किए जाएंगे, लेकिन जो प्रमुख सवाल रहेंगे उनमें क्रमशः 1800 नंबर वाला सवाल दिल्ली के अधिकारी करेंगे। इसमे मोबाइल एप से वोट करवाने, 1969 हेल्पलाइन नंबर, एसएस 2021 पोर्टल, वोट फॉर सिटी एप के साथ स्वच्छता का फीडबैक एपलीकेशन को शामिल किया गया है। एक अन्य 1800 अंक वाले सर्वेक्षण में कचरा मुक्त शहर के लिए 1100, ओएफडी व पानी प्लस के लिए 700 अंक रहेंगे। इसमे गंदे पानी की निकासी व इसको साफ करने के तरीके को देखा जाएगा। इसके अलावा सबसे अधिक नंबर वाला सवाल 2400 अंक का रहेगा। इसमे जुलाई से अगस्त तक के लिए 600 अंक, सितंबर से नवंबर तक के लिए 600 व दिसंबर से फरवरी तक के लिए 1200 अंक रहेंगे।



### प्रमुख सर्वेक्षण मार्च में

आमतौर पर स्वच्छता का सर्वेक्षण जनवरी माह में होता है, इस बार यह मार्च माह में होगा। हमारे पास समय है, शहर के सभी नागरिक साथ दे तो रतलाम स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर हो सकता है। इसलिए आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास जारी है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

22-12-2020